# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 04 November 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

GET IT ON Google Play

Download App

by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. वर्ष 2024-25 का अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना (AICRPS) मसाला केंद्र पुरस्कार किसे मिला है**

(A) बीकानेर कृषि विश्वविद्यालय

(B) डॉ. BR चौधरी कृषि अनुसंधान केंद्र, मंडोर

(C) महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर

(D) एस.के.एन. कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर

*जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. बीआर चौधरी कृषि अनुसंधान केंद्र, मंडोर को ICAR के अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना की ओर से वर्ष 2024-25 का अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना (AICRPS) मसाला केंद्र पुरस्कार प्रदान किया गया है।*

*यह सम्मान आईसीएआर उत्तर-पूर्व पर्वतीय क्षेत्रीय अनुसंधान परिसर, उमियम (मेघालय) में आयोजित मसाला फसलों की वार्षिक समूह बैठक के दौरान प्रदान किया गया।*

**01. देश का पहला सोलर पार्क जिसमें बड़े पैमाने पर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) जोड़ा जा रहा है, कहाँ विकसित किया जा रहा है?**

(A) जोधपुर

(B) बीकानेर

(C) जैसलमेर

(D) बाड़मेर

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान एक बार फिर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के लिए मिसाल बनने जा रहा है। बीकानेर जिले के पूगल क्षेत्र में विकसित किया जा रहा पूगल सोलर पार्क देश का पहला सोलर पार्क होगा, जिसमें बड़े पैमाने पर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) को सौर ऊर्जा उत्पादन के साथ जोड़ा जा रहा है।

⭕ यह पार्क 2,450 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता और 5,000 मेगावाट की स्टोरेज क्षमता वाला होगा, जिससे अतिरिक्त सौर ऊर्जा को संग्रहित कर गैर-धूप वाले घंटों में भी बिजली आपूर्ति की जा सकेगी।

⭕ राजस्थान में प्रस्तावित यह सोलर-बीईएसएस प्लांट दुनिया के सबसे बड़े संयंत्रों में से एक होगा

⭕ यह महत्वाकांक्षी परियोजना राजस्थान सोलर पार्क डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (RSDCL) द्वारा लगाई जा रही है, जो राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा निगम लिमिटेड (RRECL) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

02. राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम राजस्थान में कब से आयोजित किए जाएंगे?

(A) 11 नवम्बर 2025 से

(B) 15 नवम्बर 2025 से

(C) 07 नवम्बर 2025 से

(D) 10 नवम्बर 2025 से

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

⭕ राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम ' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्थान में राज्य के साथ-साथ जिले, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर तक आगामी 7 नवम्बर 2025 से विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

⭕ राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 7 नवम्बर को जयपुर के एस.एम.एस. स्टेडियम में आयोजित होगा।

कार्यक्रम में सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी महाविद्यालय, मेडिकल एवं पैरामेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, एनसीसी, एनएसएस, हिंदुस्तान स्काउट गाइड, पुलिस एवं आरएसी के जवान, सामाजिक संगठन और आमजन की भागीदारी रहेगी।

⭕ इसके अलावा 7 नवम्बर से 26 नवम्बर (संविधान दिवस) तक सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में 'वंदे मातरम्' का सामूहिक वाचन होगा।

03. हाल ही में कोलंबो (श्रीलंका) में आयोजित अंडर-14 एशियन कैटेगरी-2 टेनिस टूर्नामेंट में पदक जीतने वाली सौम्या चौधरी किस शहर की रहने वाली हैं?

(A) अजमेर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) कोटा



**Important Facts:**

- पिंकसिटी जयपुर की सौम्या चौधरी ने कोलंबो, श्रीलंका में 24 से 31 अक्टूबर तक आयोजित अंडर-14 एशियन कैटेगरी-2 टेनिस टूर्नामेंट में एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतने में सफलता हासिल की।
- सौम्या ने डबल्स में गोल्ड और सिंगल्स में सिल्वर मेडल जीता। नीरजा मोदी स्कूल की कक्षा-7 की स्टूडेंट सौम्या ने डबल्स में धृति के साथ एच चिन्नकन्नाना व एस. फर्नांडो की जोड़ी के 6-2, 6-1 से हराकर खिताब जीता।
- खास बात यह है कि सिंगल्स में सौम्या अपनी डबल्स उपविजेता बनीं। कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जीत चुकीं सौम्या अंडर-14 में टॉप-40 में और अंडर-12 में टॉप-3 रैंकिंग में जगह बना चुकी हैं।

04. उत्तर भारत का पहला रोबोटिक इम्प्लांट हब कहाँ स्थापित किया जा रहा है?

(A) दिल्ली

(B) चंडीगढ़

(C) जयपुर

(D) लखनऊ



**Important Facts:**

⭕ जयपुर बनेगा उत्तर भारत का पहला रोबोटिक इम्प्लांट हब

⭕ उत्तर भारत में पहली बार रोबोटिक इम्प्लांट की सुविधा जयपुर में शुरू होंगी। यह तकनीक मरीजों को न्यूनतम दर्द और शीघ्र रिकवरी का अनुभव देगी।

⭕ विशेषज्ञों का कहना था कि रोबोटिक तकनीक से दंत प्रत्यारोपण प्रक्रियाएं और भी सटीक, सुरक्षित और तेज होंगी।

सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के अधीन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में इतिहास रचा है, राजस्थान में पहली बार मेक-इन-इंडिया रोबोटिक प्रणाली से सर्जरी की गई

⭕ 31 अक्टूबर 2025 से रविवार, 02 नवंबर 2025 तक ओएसइकॉन-2025 में करीब 2000 प्रतिभागियों ने भाग लिया और 200 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए।

05. हाल ही में आगरा में आयोजित 18वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय रोल बॉल चैंपियनशिप में राजस्थान टीम ने कौन-सा पदक जीता?

(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- आगरा में आयोजित 18वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय रोल बॉल चैंपियनशिप में राजस्थान टीम ने रजत पदक जीता, जिसके कप्तान थे राघव शर्मा।
- आगरा में 25 से 28 अक्टूबर 2025 को हुई 18वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय रोल बॉल चैंपियनशिप में राजस्थान की लड़कों की टीम ने रजत पदक जीता।
- फाइनल में टीम को मेजबान उत्तर प्रदेश से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में उत्तराखंड और सेमीफाइनल में महाराष्ट्र को हराया था।
- चैंपियनशिप में देश के 22 राज्यों के 600 से अधिक खिलाड़ी शिरकत की

**06. राजस्थान सरकार ने किस योजना के तहत एक नई पहल के रूप में "गिव अप" अभियान की शुरुआत की है?**

(A) मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना

(B) महात्मा गांधी न्यूनतम आय गारंटी योजना

(C) सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ राजस्थान सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत एक नई पहल के रूप में "गिव अप" अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य उन लाभार्थियों से पेंशन छोड़ने की अपील करना है जिनकी वार्षिक आय ₹48,000 से अधिक है।

⭕ सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस योजना का लाभ केवल उन्हीं जरूरतमंद नागरिकों को मिलना चाहिए, जो वास्तव में पात्र हैं।

⭕ राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिन व्यक्तियों की वार्षिक आय ₹48,000 से अधिक है, उन्हें स्वेच्छा से पेंशन योजना छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए 15 नवंबर 2025 तक की समय सीमा तय की गई है, जिसके भीतर सभी लाभार्थियों को अपना आय सत्यापन कराना आवश्यक होगा।

**07. हाल ही में 13 अक्टूबर 2025 को राजस्थान 2047 विजन डॉक्यूमेंट का विमोचन किसके द्वारा किया गया?**

(A) जेपी नड्डा

(B) अमित शाह

(C) नरेंद्र मोदी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान 2047 विजन डॉक्यूमेंट का विमोचन - 13 अक्टूबर 2025 केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया
यह विजन राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसपोर्टेशन एंड इनोवेशन (रीति आयोग) द्वारा तैयार किया गया
- डॉक्यूमेंट विजन का लक्ष्य - 2047 राज्य की जीडीपी 4.3 ट्रिलियन डॉलर पहुंचाना।
- कृषि उत्पादकता में 40% वृद्धि , मातृ मृत्यु दर 15 तक तथा शिशु मृत्यु दर प्रति हजार बच्चों पर 10 से कम लाना।, जीवन प्रत्याशा 77 वर्ष से अधिक पहुंचाना, महिलाओं की कार्य बल भागीदारी 60% से अधिक करना।, नवीकरण ऊर्जा को बढ़ाकर 290 गीगावॉट तक पहुंचाना
- यह विजन 4 थीम तथा 13 सेक्टर पर आधारित है।
- विजन के संकल्प - 3• सशक्त नागरिक • सतत विकास • पारदर्शी शासन

08. राजस्थान में पहली बार माटी का लाल राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह आयोजित किए जाने की घोषणा किसने की है?

(A) प्रहलाद राय टाक

(B) सुरेन्द्र सिंह शेखावत

(C) सीपी जोशी

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

⭕ श्री यादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने कहा कि प्रदेश में पहली बार माटी का लाल राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह आयोजित करेगा।

⭕ जिसके तहत प्रत्येक जिले से दो श्रेष्ठ माटी कलाकारों का चयन कर उनमें से राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं व तृतीय एवं सात सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे

⭕ पुरस्कार के लिए आगामी नवंबर में प्रविष्टियां आमंत्रित की जाएंगी। जिनमें से चयनित को दिसंबर माह में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

⭕ ताकि राजस्थान की उत्कृष्ट संस्कृति को माटी कला के द्वारा पूरे देश व विश्व में ख्याति दिलाने के लिए माटी कलाकारों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहन किया जा सके।

09. हाल ही में 4 दिवसीय भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF 2025) का आयोजन कहाँ किया जाएगा?

(A) नई दिल्ली

(B) जयपुर

(C) चंडीगढ़

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF)अगले महीने 6 से 9 दिसंबर तक चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा
- IISF 2025 न केवल वैज्ञानिक आदान-प्रदान के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा, बल्कि प्रमुख प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत की आत्मनिर्भरता के उत्सव के रूप में भी कार्य करेगा
- इस वर्ष का आईआईएसएफ एक सशक्त राष्ट्रीय आख्यान स्थापित करेगा, जिसमें दिखाया जाएगा कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के प्रति भारत के दृष्टिकोण में आमूल-चूल परिवर्तन आया है

**10. हाल ही में उत्तर प्रदेश ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के सम्मान में कल्याण सिंह नगर नाम से एक नया जिला बनाने की घोषणा किसने की है?**

(A) अमित शाह

**(B) योगी आदित्यनाथ**

(C) नरेंद्र मोदी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- उत्तर प्रदेश में कल्याण सिंह नगर नाम का 76वां जिला बनेगा

उत्तर प्रदेश ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के सम्मान में कल्याण सिंह नगर नाम से एक नया जिला बनाने की घोषणा की है।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस निर्णय की पुष्टि की।
- यह राज्य का 76वां जिला होगा, जिसे अलीगढ़ के अतरौली और गंगिरी तहसील और बुलंदशहर के डिबाई तहसील से अलग करके बनाया जाएगा।

Today, Quiz:

**Q. हाल ही में किसके द्वारा लिखित पुस्तक "भावेश जो कह न सका" का विमोचन किया जाएगा?**

(A) अमन सिंह

(B) सूरज सिंह नेगी

(C) राजेंद्र प्रसाद शर्मा

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

## राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course

GK Search Engine Mobile App

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine